कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

बॉक्सिंग एवं अखिल भारतीय तैराकी टीम में कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों का चयन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में अध्ययनरत सुश्री सुष्मिता नायक, पी0 जी0 डिप्लोमा इन योगा का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की बॉक्सिंग टीम में 56 किग्रा0 वजन समूह में हुआ है। वहीं खुश्बू ताण्डी, बी0 कॉम0 द्वितीय वर्ष का चयन 45 किग्रा0 वजन समूह में हुआ है।

उपरोक्त खिलाड़ी गुरू काशी विश्वविद्यालय, भटिन्डा (पंजाब) में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। सुष्मिता नायक ने अमेच्योर बॉक्सिंग एसोशियेशन, छ0ग0 द्वारा विगत दिनों आयोजित राज्य स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खूश्बू ताण्डी ने अपने वजन समूह में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ0 ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय में अध्यनरत् धनु ओझा, बी0 एस–सी0 गृहविज्ञान, प्रथम सेमेस्टर, भूमिका ओझा, एम0 ए0 हिन्दी तृतीय सेम0 का चयन ईस्ट जोन के पश्चात् अखिल भारतीय तैराकी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। विगत दिनों उड़ीसा में कीट्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ईस्टजोन में तीनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन के आधार पर अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई। उपरोक्त छात्राऐं अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में हिस्सा लेने एस0 आर0 एम0 चैन्नई विश्वविद्यालय जायेगी। यहां यह प्रतियोगिता 25 दिसम्बर से 27 दिसम्बर 2024 तक आयोजित है।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल एवं क्रीडा समिति के संयोजिका डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं दी।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

बॉक्सिंग एवं अखिल भारतीय तैराकी टीम में कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों का चयन

KHUSHBOO TANDI

SUSHMITA NAYAK

BHUMIKA, DHANU, DILESHWARI